Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 31-05-2023 | अंक 580

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## मन का मिलन पखवाड़ा में तीन मामलों का निष्पादन




**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, अखिल कुमार के निर्देश पर सिविल कोर्ट परिसर में मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है. इसके तहत बुधवार को कुल 6 मामलों की सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान तीन मामलों का निपटारा किया गया. जबकि दो मामले परिवारिक विवाद और एक मामला चेक बाउंस का था. मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने कहा कि मन का मिलन पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता के प्रति आम लोगों को जागरूक करना है. इस दौरान पक्षकारों के बीच सुलह–समझौता का आयोजन किया जायेगा. जिसमे पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## दो महीने से ठप है जलमीनार का कार्य



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड के अंतर्गत गड़बूढनी पंचायत के ग्राम डाड़ कापू में जलमीनार का कार्य पिछले दो महीने से ठप पड़ा है। डाड़ कापू ग्राम में पांच जलमीनार लगाया जाना है।जबकि बगैर बोरिंग के हीं जलमीनार का पांच स्ट्रक्चर खड़ा कर दिया गया है,।ग्रामीणों ने बताया संवेदक के द्वारा दो माह से लोहा एंगल खड़ा कर छोड़ दिया गया है।ज्ञात हो कि ग्राम डाड़ कापू की आबादी लगभग आठ सौ है।इतनी आबादी के बीच मात्र दो चापाकल है। एक सरकारी विद्यालय में तो दूसरा मंदिर समीप,जबकि विद्यालय स्थित चापाकल खराब है। इस संबंध में गड़बूढनी पंचायत की मुखिया रेणु तिग्गा ने कहा कि संवेदक के सुस्त रवैए की शिकायत पीएचडी विभाग और जिला प्रशासन से किया गया है।लेकिन इसमें कोई सुधार नही हुआ है।




# पांच साल बाद भी पूरा नहीं हुआ जरहिया में बन रहे आरईओ रोड, गार्डवाल खोद कर छोड़ा, ग्रामीण परेशान

## सहायक अभियंता ने कार्यपालक अभियंता को लिखा पत्र, बताया संवेदक की लापरवाही

**अपेम लाइवः बरही**

मुख्यमंत्री राज्य संपोषित योजना के अंतर्गत जरहिया में आरईओ विभाग की ओर से 1200 मीटर सड़क का निर्माण होना था। यह सड़क निर्माण पश्चिमी टोला से जराहिया नाला केनाल तक होना था। सड़क निर्माण की जिम्मेवारी मेसर्स तिरुपति इंटरप्राइजेज को दिया गया था। सड़क निर्माण की प्रारंभिक तिथि 24 अगस्त 2019 थी और इसे हर हालत 23.05.2020 तक हर हालत में पूरा करना था। लेकिन चार साल बाद भी अब तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा नही हो पाया है। संवेदक द्वारा सड़क के किनारे गार्डवाल के लिए गढ्ढा खोद कर छोड़ दिया गया है। जिसके कारण



सड़क निर्माण पूरा करने की मांग करते ग्रामीण

ग्रामीणों एवं मवेशियों को काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में किए जा रहे लेट लतीफी को लेकर ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया है। हरेंद्र गोप ने बताया की संवेदक गार्डवाल का गढ्ढा खोदकर कई महीनो से छोड़ दिया है। जिसके चपेट में अब तक कई मवेशी आ गए हैं। कई बार संवेदक को सड़क पूरा करने को कहा गया है। इसके बावजूद सड़क निर्माण को पूरा नही कर रहे है। बताया की ग्रामीण विकास विभाग भी संवेदक से परेशान है। सहायक अभियंता भी कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया है। पत्र के माध्यम से सहायक अभियंता ने बताया की संवेदक शपथ पत्र दे चुका है की समय पर सड़क निर्माण का कार्य पूरा करेंगे। लेकिन शपथ पत्र देने के बाद भी सड़क निर्माण का कार्य पूरा नही किया जा रहा है। ग्रामीण महेश यादव, झम्मन गोप नरेश राम, करमचंद यादव, किशुन गोप, तोखन गोप, रामसाहय महतो,महादेव यादव,दिनेश यादव, रूपलाल यादव,अंकित कुमार ने सड़क निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है।

# घर से मोबाईल चार्जर लेने गया बालक जब घर नहीं आया तो परिजनों ने किया खोज बिन

## बड़की नदी सुरजकुण्डवा नदी के दाह से मिला मध्य रात्रि शव, परिजनों का रो रो कर हुआ बुरा हाल

## बालू उठाने से हुआ नदी में खाई ,बालू माफियाओं के कारण ही बच्चे की गई जान

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : राजपुर थाना क्षेत्र के कान्हाचट्टी बाजार से डोंडागड़ा जाने वाली बड़की नदी पुल के समीप बने सुरकुण्डवा दाह से मंगलवार की रात्रि एक 14 वर्षीय बालक का शव पानी से निकाला गया।बालक की पहचान पेलतौल कला गांव निवासी जितेंद्र सिंह के 14 वर्षीय पुत्र सुमन्त कुमार सिंह उर्फ सोनू के रूप में किया गया।ग्रामीणों ने इसको सूचना राजपुर थाना प्रभारी को दिया गया जिसके बाद सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनोद




कुमार एवं सब इंस्पेक्टर नंदन सिंह दल बल कब साथ घटना स्थल पर पहुंचे उसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से गहरे पानी से मंगलवार की मध्य रात्रि ही शव को निकाला गया।और बुधवार को शव को अंत्यपरीक्षण के पश्चात शव को परिजनों को शॉप दिया।परिजनों ने बताया मंगलवार को दोपहर दो तीन बजे अपने घर कान्हाचट्टी बाजार के लिए निकला।जब बालक वापस नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया।लेकिन ग्रामीणों ने कान्हाचट्टी बाजार के शुरजकुण्डवा दाह के समीप कपड़ा देखा गया एवं साइकल।जिसके बाद ग्रामीणों एवं पुलिस ने शव को पानी से बड़ी मसक्कत के बाद बाहर निकाले।बालक के शव देखते ही परिजनों के चीत्कार से सभी के आंखों में आँशु आ गया।बताते चलें कि मृतक बालक माता पिता का इकलौता सुपुत्र था।बालक की मृत्यु पर संसय बना हुआ है कि बालक की मौत का आखिर कारण क्या हो सकता है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस, जिंदगी चुने तंबाकू नही : डॉ प्रकाश ज्ञानी





**अपेम लाइव : बरही**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मी आदि को तंबाकू सेवन नही करने का शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही अपने परिजनों वा परिचितों को भी तंबाकू सेवन नही करने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी गई। इस दौरान अनुमंडलीय अस्पताल से सहिया दीदी ने जागरूकता रैली भी निकाली। मौके पर मौजूद डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा की किसी भी प्रकार का नशा हो उसे नही करना चाहिए। लोग भले ही इसका मजा कुछ समय के लिए लेते है लेकिन यह मजा कब जिंदगी भर के लिए सजा बन जाता है, इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता है। मौके पर डीएस प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम, सुधांशु कुमार एवं कुलदीप कुमार सहित दर्जनों सहिया दीदी मौजूद थी।

## बरही : प्रमुख मनोज रजक ने पार्क का किया निरीक्षण

### साढ़े सात लाख के लागत से होगा पार्क का सुंदरीकरण : मनोज रजक

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रमुख मनोज रजक ने बुधवार संध्या 5 बजे प्रखंड परिसर में स्थित डॉ ए.पी. जे. अब्दुल कलाम आजाद पार्क का निरीक्षण किया। पार्क की स्थिति को देखकर वह काफी नाराज हुए। विदित हो की डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पार्क का निर्माण लाखों की लागत से की गई थी। जिसका उद्घाटन 10 मार्च 2017 को तत्कालीन विधायक मनोज कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी शब्बीर अहमद एवं प्रमुख मंजू देवी ने संयुक्त रूप से किया था। पार्क में बच्चों के लिए खुला, बैठने के लिए शेड का निर्माण एवं एनटीपीसी के सहयोग से लाखों के लागत से फव्वारा भी लगाया था। जो लोगों को काफी आकर्षित करती थी। लेकिन देख - रेख के अभाव में पार्क सिर्फ 6 साल में ही झाड़ी में तब्दील हो गया। जहां लोगों का आना जाना बंद हो गया। वहीं प्रमुख मनोज रजक ने निरीक्षण के दौरान कहा की इस पार्क का सुंदरीकरण साढ़े सात लाख के लागत से किया जाएगा, जिसका काम बहुत ही जल्द शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा की पार्क में टिकट घर, बाउंड्री वाल, बाउंड्री वाल का रंग - रोगन, पार्क में बना शेड का मरम्मती, झाड़ी का सफाई एवं लाइट और पानी का व्यवस्था भी किया जायेगा। साथ ही देख - रेख के लिए केयर टेकर का भी बहाल किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जेई आसिफ अकरम, शिव शंकर पंडित एवं जीतू कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## झारखंडियों के अधिकारों का हो रहा है अतिक्रमण, अब दमन और बर्दाश्त नहीं : संजय मेहता

### माटी के लिए लड़ना होगा, तभी बचेगा अधिकार : भुवनेश्वर यादव





**अपेम लाइव : बरही**

जनसंवाद यात्रा लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। अगले कुछ दिनों में सभाओं की संख्या सैकडों में पहुँच जाएगी। स्थानीय मुद्दों को लेकर निकाली गयी यह यात्रा काफी सफल हो रही है। हर इलाके में जनता का असीम समर्थन प्राप्त हो रहा है। यात्रा के तहत चंदवारा बाजार में सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि झारखंड कोई स्वाभाविक राज्य नहीं है। यह माटी हमें सालों के संघर्ष, खून, पसीने और बलिदान से मिला है। देश के सभी राज्यों में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता के आधार पर हक और अधिकार दिया जाता है। निर्वाचन एवं नियोजन में अन्य राज्यों में जाकर दूसरे राज्य के लोग दखल नहीं देते। झारखंड देश का एक मात्र ऐसा राज्य है जिसे प्रयोगशाला बना दिया गया है। यहाँ के नियोजन में बाहरी तत्वों का कब्जा हो जा रहा है। विधायिका पर भी कब्जा बाहरी तत्व कर ले रहे हैं। सांसद, विधायक के पदों पर वैसे लोग निर्वाचित हो रहे हैं जिनका इस माटी से कोई भावनात्मक लगाव नहीं है। विस्थापन के बाद न पुनर्वास नीति बनी, स्थानीयता के लिए न स्थानीय नीति बनी। नियोजन के लिए न ढंग की नियोजन नीति बनी। संजय मेहता ने कहा कि शिक्षा, रोजगार, स्थानीयता के सवाल पर हर झारखंडी को मुखर होना होगा। बिना आवाज बुलंद किये इससे नहीं निपटा जा सकता। सबको मिलकर जन आंदोलन खड़ा करना होगा। झारखंड को 81 झारखंडी विधायक, 14 लोकसभा क्षेत्र में स्थानीय सांसद, 6 लोकल राज्यसभा सांसद चाहिए। दूसरे राज्य के लोग सांसद विधायक तो बन रहे हैं लेकिन जनता के मुद्दों पर चुप रहते हैं। भुवनेश्वर यादव ने कहा कि अपनी माटी को बचाने के लिए लड़ना होगा। बिना लड़े माटी नहीं बचेगी। हमारे माटी को लोग चारागाह बना दिये हैं। इस धरती को लूटने से बचाना होगा। पीढ़ियों को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि बरही की धरती को अब बचाना होगा। विकास के पैमाने पर यह इलाका काफी पीछे रह गया है। हम सबको एक संकल्प लेकर इसे आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि जनसंवाद यात्रा अपने लक्ष्य को हासिल करेगी और यह अभियान सफल होगा। मंच का संचालन करते हुए रवि सोनी ने कहा कि जनसंवाद यात्रा सिर्फ यात्रा नहीं बल्कि बदलाव और चेतना का एक संकल्प है। सभा में आदित्य पांडेय, संजय पासवान, आदित्य कुमार, सीताराम महतो समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## दी आर्या भट्ट इंस्टिट्यूट की छात्रा स्मिता कुमारी कॉमर्स में 466 अंक लाकर हज़ारीबाग जिला की बनी प्रथम टॉपर एवं पूरे स्टेट में प्राप्त की 11वां स्थान

**अपेम लाइव : बरही**



हज़ारीबाग रोड स्थित दी आर्या भट्ट इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने जैक द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा के वाणिज्य संकाय में सफलता हासिल करते हुए पूरे हज़ारीबाग जिले में प्रथम स्थान से पांचवा स्थान तक दी आर्या भट्ट संस्थान के विद्यार्थियों ने गौरवान्वित प्रतिफल प्राप्त किया। स्मिता कुमारी जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए पूरे स्टेट में 11वां स्थान प्राप्त की। वहीं तानिया कुमारी तीसरा स्थान, संगीता कुमारी और प्रिंस सिन्हा चौथा स्थान एवं मानशी केशरी पांचवा स्थान प्राप्त की है। जिससे पूरे परिवार एवं संस्थान में खुशियों की सौगात उमड़ पड़ी है। पूरे बरही वाशियों के लिए यह गर्व की बात है कि बरही के बेटे एवं बेटियां अब किसी से कम नहीं है। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर आशिर्वाद दिया है। अरुण शर्मा ने कहा कि यह रिजल्ट हमारे संस्थान के लिए बहुत ही गर्व की बात है एवं विगत 2009 ईसवीं से कॉलेज टॉपर, अनुमंडल टॉपर एवं जिला टॉपर देते आए है। विगत 3 सालो में जिला में तीसरा टॉपर, स्टेट में टॉप 20 में हमारे संस्थान के विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है और इस बार भी जिला में प्रथम स्थान से पांचवा स्थान तक अपने बच्चे नज़र आए, जो पूरे बरही के लिए गौरव की बात है। स्वाति कुमारी 439, आयुष कुमार 438, प्रीति कुमारी 413, रौशन कुमार 429, आकाश कुमार 404, सपना कुमारी 398, नूपुर कुमारी 394, पिंकी कुमारी 391, आशीष कुमार 391, श्रुर्ति कुमारी 389, सिमा कुमारी 388, निशा कुमारी 381, आयुष कुमार 376, आयुष कुमार 376, नीलू परवीन 370, लक्ष्मी कुमारी 375, कुमकुम कुमारी 368, लक्ष्मी कुमारी 359, मोहम्मद शैफ 373, प्रीति कुमारी 324, रानी सिंह 384, प्रियंका कुमारी 358, कुमकुम कुमारी 350, डोली कुमारी 341, शिम्पी सौमिया 339, शुभम कुमार 360, पूनम कुमारी 358, साक्षी सोनी 384, स्नेहा कुमारी 380, शेलवी कुमारी 350 अंक लाकर सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किए है।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर डॉक्टरों की मरीजों को दी सलाह कहा तंबाकू सेवन से करें परहेज

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : सदर अस्पताल में बुधवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। तंबाकू निषेध दिवस के दौरान अस्पताल के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने अस्पताल में मौजूद मरीजों को तंबाकू के सेवन से परहेज करने की बात कही। मौके पर जिला नोडल पदाधिकारी ड०क्टर सौभना टोप्पो ने कहा कि तंबाकू का सेवन शरीर के लिए नुकसानदायक है। इसे लेकर व्यापक स्तर पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत है। बताते चलें कि सिगरेट, बीड़ी, पान और गुटखा जैसे तांबकू पदार्थो के सेवन से मुंह का कैंसर होने के साथ अन्य कई तरह की गंभीर बीमारियों होने की संभावना बनी रहती है। गंभीर बीमारियों के कारण ही लोग समय से पहले जान से हाथ धो बैठते हैं। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि तंबाकू को लेकर युवाओं में सबसे अधिक जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। कार्यक्रम में डीपीएम वेद प्रकाश, ज़िला परामर्श सह अस्पताल प्रबन्धक नागेंद्र कुमार, डीपीसी आशीष दीन, अमरेंद्र, माधव मुनेश्वर राम, परमानंद,अक्षय कुमार, अनु दीपा ,आभा मिश्रा आस्था गुप्ता सहित कई चिकित्सक उपस्थित थे।

## लातेहार के जनसेवकों ने रांची में आयोजित न्याय यात्रा में लिया भाग

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जनसेवक संघ के जिला अध्यक्ष रामनाथ यादव के नेतृत्व में लातेहार के जनसेवकों ने बुधवार को रांची में आयोजित न्याय यात्रा में भाग लिया। संघ के रघुनंदर राम ने बताया कि 11 सूत्री मांगों को लेकर जनसेवकों ने शालीमार मार्केट से प्रोजेक्ट भवन तक न्याय यात्रा निकाली। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनसेवकों की मांगों पर कोई विचार नहीं कर रही है। जिस कारण हमलोग चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि 22 दिनों से जनसेवक आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अबतक कोई पहल नहीं की गई है। वहीं इस आंदोलन की वजह से आम लोगों को परेशानी हो रही है। हड़ताल की वजह से जरूरतमंदों का राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का काम नहीं हो पा रहा है। न्याय यात्रा में प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी, रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मिंज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गृद्धा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीन सुमन, अंकित एक्का, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रौशन कुजूर, समीर सुमन, सर्वेश सिंह, सत्येंद्र उरांव, अर्पण तिग्गा, उमेश कुजूर, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडेय, राजेश कुमार व सूर्य प्रकाश समेत कई जनसेवकों ने भाग लिया।

## चेपाकला में आज दहकते हुए आग के अंगारों पर नंगे पांव चलेंगे शिव भक्तों

### ठेठ नागपुरी झारखंड के मशहूर कलाकार नितेश कछाप, चिंता देवी, और इग्नेश मेले में देंगे भरपूर आनंद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**




बड़कागांव प्रखंड के डाडी कला थाना क्षेत्र अंतर्गत चेपाकला में चल रहा 15 दिवसीय मंडा पूजा का आज होगा मेला का आयोजन ज्ञात हो कि ग्राम चेपाकला में विगत कई वर्षो से पूर्वजों के द्वारा जेठ माह के कड़कड़ाती धूप मे 15 दिन फल्हारी होते हे नंगे पांव रह कर क्षेत्र में माता पार्वती को भ्रमण कराते हुए भीक्षा मांगते हैं ।और क्षेत्र के लिए सुख शांति की प्रार्थना करते हैं। वही 14वे दिन शिवभक्त दिनभर उपवास रहकर रात्रि में स्नान कर दहकते हुए आग के अंगारों पर चलकर शिव भक्ति एवं आस्था का परिचय देते हैं। इसके बाद भोर (सुबह) में सारे शिवभक्त एक-एक कर शिव भक्तों को 50 फीट से ऊपर लट्ठे में बांधकर 5 चक्कर सभी शिव भक्तों को झुलाया जाता है और झूले पर झूलते हुए पुष्प आशीर्वाद के रूप में सारे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करेंगे जिसे लोग ग्रहण करने का प्रयास करेंगे। वही मंडा पूजा समिति के द्वारा मेले में आए हुए आगंतुक और शिव भक्तों के मनोरंजन के लिए ठेठ नागपुरी खोरठा सुपरस्टार कलाकार नितेश कछाप, चिंता देवी ,इग्नेश कुमार नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष दिनेश्वर महतो के द्वारा बताया गया कि मेले में श्रद्धालु भक्तों के लिए मनोरंजन की भरपूर व्यवस्था की गई है। इसके लिए विभिन्न प्रकार के झूले और भी कई मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराए गए हैं। शिवभक्त पंचायत के मुखिया अनिकेत नायक, राजेश्वर महतो, शंकर करमाली, अनीप तूरी, समाजसेवी प्रकाश ठाकुर ,दिलेश्वर महतो, खेमानी साव, सुनील कुमार, योगेंद्र कुमार, देवनंदन महतो, अमर गंझू, उमेश महतो, लुरक साव सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## केबीएसएस का मनोरंजन चन्द्रवँशी बना कहला संकाय का प्रखण्ड टॉपर, टोईया स्कूल की मनीषा बनी दूसरी टॉपर

**अपेम लाइव : चौपारण**







झारखण्ड अधिविध परिषद राँची की ओर से मंगलवार को जारी किए गए इंटरमिडिएट कला संकाय के परीक्षा परिणाम से चौपारण के बच्चों में खुशी की लहर दौड़ पड़ा। केबीएसएस प्लस दो उच्च विद्यालय चौपारण के मनोरंजन कुमार पिता सुगंध चन्द्रवँशी ने 427 अंक हासिल प्रखण्ड टॉपर बना। प्लस दो उच्च विद्यालय टोईया की मनीषा कुमारी 420 अंक के साथ दूसरी टॉपर बनी। वही कस्तुरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय मानगढ़ की ज्योति कुमारी 419, चाँदनी कुमारी 411, मुस्कान कुमारी 408 क्रमश तीसरी, चौथी व पांचवी ट०पर बनी। प्रखण्ड टॉपर मनोरंजन मूल रूप से मयूरहंड प्रखण्ड के सदाफर का रहने वाला है । मनोरंजन अपनी सफलता श्रेय अपने माता पिता व स्कूल के शिक्षकों को देते है। मनोरंजन बड़ा होकर जेपीएससी पास करना चाहता है।

### कस्तुरबा स्कूल का प्रखण्ड में रहा दबदबा, शतप्रतिशत रिजल्ट

इंटरमिडिएट कला संकाय में कस्तुरबा आवासीय विद्यालय मानगढ़ से परीक्षा में सम्मिलित सभी 48 छात्राओ ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उतीर्ण किया। वार्डेन सन्नमित्र कुमारी ने बच्चो को बधाई देते हुए कहा कि पहले से इस बार बेहतर परीक्षा परिणाम रहा।

### शिक्षक व संसाधनों के कमी के बावजूद टोईया का बेहतर प्रदर्शन

प्लस दो उच्च विद्यालय टोईया से 102 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। 50 बच्चे प्रथम, 40 बच्चे द्वितीय अन्य तृतीय श्रेणी से उतीर्ण हुए। प्राचार्य जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हमारे विद्यालय में शिक्षकों का अभाव है, संसाधनो की कमी है बावजूद हमारे विद्यालय के बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। श्री सिंह ने विभाग से इस ओर धयान देने का आग्रह किया व सफल बच्चो को बधाई दिया।

### केबीएसएस में लड़कों के अपेक्षा लकडियो का बेहतर प्रदर्शन

केबीएसएस प्लस दो उच्च विद्यालय चौपारण से इंटरमिडिएट कला संकाय में कुल 848 बच्चे सम्मिलित हुए। प्राचार्य उत्तम कुमार ने बताया कि 410 बच्चे प्रथम श्रेणी, 410 बच्चे द्वितीय श्रेणी व अन्य 8 बच्चों ने तृतीय श्रेणी से उतीर्ण कर विद्यालय का नाम रौशन किया। स्कुल के टॉप 20 बच्चो में लड़कियों का प्रदर्शन लड़को से बेहतर रहा।

## मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत एक रुपए परमिट शुल्क पर निर्गत होगी वाहन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बुधवार को बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में पंचायत समिति एवं मुखियाओं की संयुक्त बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख फुलवा देवी एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को धरातल पर लाना है। इस योजना के तहत प्रथम परमिट निर्गमन 5 वर्ष की अधिकतम अवधि के लिए मार्ग कर में छूट दी जाएगी एवं परमिट शुल्क मात्र 1 रूपए लिया जाएगा। संबंधित क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार द्वारा लाभार्थियों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर परमिट निर्गत किया जाएगा। लाभार्थियों के चयन में ऐसी, एसटी एवं ओबीसी को प्राथमिकता दी जाएगी। इस योजना के तहत जिस मार्ग हेतू परमिट स्वीकृत की जाएगी उसी मार्ग पर वाहन का परिचालन होगा इसके लिए वाहन में जीपीएस लगाना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरुआती में ग्राम पंचायतों को प्रखंड स्तर से जोड़ने, नजदीकी उच्च शिक्षण संस्थानों, चिकित्सा संस्थानों, नजदीकी मुख्य मार्ग और नजदीकी व्यवसायिक केंद्रों से जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करेगी। साथ ही, दिव्यांगों, विद्यार्थियों एवं पेंशनधारियों के लिए विशेष छूट मिलेगी इस वाहन से यात्रा करने पर। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उपेंद्र कु प्रसाद, रंजीत चौबे, प्रभु राम, पंचायती राज समन्वयक आशीष कुमार पासवान, रिंकू कुमार रवि, मुखिया तकरीमुल्लाह खान, प्रभु महतो, पूजा कुमारी, करम राम,विमला देवी, कविता देवी, लीलावती कुमारी के अलावा कई पंचायतों के पंचायत सचिव एवं अन्य उपस्थित थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## सामूहिक विवाह समारोह में 8 जोड़ो की हुई सामुहिक शादी

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड के संत जेवियर चर्च गोठगांव,पकरी पाठ, एवम तुन्दटोली सहित विभिन्न चर्चो मे बुधवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।इस विवाह समारोह में पल्ली पुरोहितों द्वारा इसाई धर्म विधि से विवाह संस्कार कराया गया ।इस दौरान कुल 8 जोड़ो की सामुहिक शादी कराई गई. ।इस अवसर पर चर्च में सभी जोड़ों की पवित्र विवाह संस्कार की आशिष हुई एवं महाप्रसाद ग्रहण कर पति पत्नी के रूप में एक दुसरे को जीवन साथी चुना,विवाह मे आये सैकड़ो लोगों ने जोड़ो को बधाई दी।गौरतलब है कि मसीही परिवार की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए इससे पूर्व चर्च परिसर में मिस्सा पूजन का आयोजन किया गया।पूजा एवं विवाह कार्य संपन्न होने के बाद संक्षिप्त रूप से चर्च परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर वर वधू पक्ष समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे ।जिन्होंने नए जोड़ो को अपना आशीर्वाद दिया।

## उपायुक्त ने की भवन निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में बुधवार को भवन निर्माण विभाग से संबंधित विभिन्न लंबित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में आश्रम विद्यालय मनिका, मॉडल एकलव्य विद्यालय, लातेहार, पीएचसी, चंदवा, विभिन्न प्रखंडों में एसीआर भवन निर्माण समेत विभिन्न प्रखण्डों में भवन निर्माण विभाग द्वारा संचालित विकास कार्य की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में डीएमएफटी एवं एससीए के तहत संचालित योजनाएं की समीक्षा कर लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि भूमि विवाद या उससे संबंधित कारणों से कार्य को पूर्ण करने में हो रही परेशानी को विहित प्रपत्र में समुचित जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल को लंबित योजनाओं को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।मौके पर नोडल पदाधिकारी डीएमएफटी बंधन लांग, नोडल पदाधिकारी, एससीए सुजीत सिंह, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल अभय कुमार राय व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ रूद्र महायज्ञ

**अपेम लाइव : लातेहार**




बालूमाथ/लातेहार : जिले के बारियातू प्रखंड के बचरा ग्राम में 7 दिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम ,बारियातू भाजपा मंडल अध्यक्ष लव सिंह, बालूमाथ के समाजसेवी शैलेश कुमार सिंह, मछिंद्र यादव, बालूमाथ के भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पंचानन पांडे, लातेहार जिला मंत्री ब्रज मोहन राम सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।इससे पहले यज्ञ समिति के अध्यक्ष कमल किशोर सिन्हा, रवि कुमार सिन्हा सहित अन्य ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर तथा मुख्य पुजारी तिलक लगाकर के स्वागत किया।

## शिक्षा से ही चरित्र का निर्माण होता है : मनोज पंडित

**अपेम लाइव चंदवारा**







कोडरमा चंदवारा प्रखंड अंतर्गत मदन गुंडी में स्थित दा मनोज एकेडमी में 12वीं आर्ट्स के हुए परिणाम घोषित में अकैडमी के बच्चों ने अच्छे परिणाम लाकर एकेडमी का मान सम्मान बढ़ाया तथा परिवार वालों ने इस परिणाम से खुशी जाहिर की वही बता दें कि इस कोचिंग के राहुल कुमार 403 अंक लक्ष्मी कुमारी 388 अंक पिंटू यादव 372 अंक ज्योति कुमारी 334 अंक राहुल कुमार साहू 329 अंक लाए तथा वही एकेडमी के संचालक मनोज कुमार पंडित ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि बहुत सारे विद्यार्थियों का परिणाम अच्छा रहा है तथा उन्होंने बताया कि हम अपने एकेडमी के माध्यम से 35 प्रतिशत विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा मुहैया कराते हैं ताकि कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित ना रह जाए सभी सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सक्षम सेंटर का उद्घाटन

**अपेम लाइव : लातेहार**




नेतरहाट/लातेहार : आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत महुआडांड़ के नेतरहाट - पंचायत के सीएलएफ कर्यालय में जेएसएलपीएस के माध्यम से वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का कैम्प आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसबीआई शाखा प्रबंधक अनूप खलखो ,पंचायत समिति तथा सीएलएफ पदाधिकारी के संयुक्त से फीता काटकर किया ।इस अवसर पर वक्ताओं में कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच डिजिटल लेन-देन संबंधी जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ बढ़ाना है ।कहा कि इस अभियान के द्वारा गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए बैंक सखी वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बैंक और जेएसएलपीएस के सामूहिक प्रयास से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।इस दौरान उपस्थित दीदियों को वित्तीय समावेशन , सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल लेन देन से लाभ एवं डिजिटल फ्रoड से बचने के उपाय भी बताए गए। मौके पर मुखिया साधु नगेशिया, पंचायत समिति- चाँदनी भगत, संजय, राजकली ,सरिता कुमारी , नाजिया तथा संकुल संगठन के पदाधिकारियों व सखी मंडल की दीदी मौजूद रहे ।

## डिजायर कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों का रहा उम्दा परिणाम

**अपेम लाइव चंदवारा**




चंदवारा प्रखंड स्थित मदनगुंडी में डिजायर कोचिंग सेंटर की छात्र छात्राओं ने सत प्रतिशत अंक लाकर पूरे प्रखंड को प्रभावित किया जिनमें लक्ष्मी कुमारी पिता सुदामा पांडे ने कला संकाय में 332 नंबर लाकर पूरे जिले में 11 स्थान तथा चंदवारा प्रखंड में दूसरा स्थान प्राप्त की है साथ ही डिजायर कोचिंग सेंटर में मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा जिसमें प्रिंस कुमार पिता विजय पंडित ने 455 अंक लाकर अपने चंदवारा स्कूल में सातवां स्थान प्राप्त किया इसके अलावा कोचिंग के कई बच्चे ने 75 और 80ः से भी अधिक अंक प्राप्त किए जिसमें इंटर के प्रीति कुमारी ,राहुल कुमार प्रवीण, नेहा तथा मैट्रिक के चंदन अमित ,करण ,मनीषा, रोहित ,इत्यादि बच्चे ने अच्छे नंबर लाकर कोचिंग का मान बढ़ाया तथा इस कोचिंग के निर्देशक मंटू कुमार पंडित ने बताया कि अपने आसपास के क्षेत्र के वैसे विद्यार्थी जो पैसे की समस्या से नहीं पढ़ाई कर पाते हैं उनके लिए हम विशेष सुविधा देकर विद्यार्थियों को शिक्षित करने का प्रयास करते आ रहे हैं तथा कुछ बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिया जाता है तथा उन सभी सफल विद्यार्थियों बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किए शुभकामनाएं दी।

Bibek Maji (Director)
Mob : 7488175500

Kuldeep Pd. Rajak (Director)
Mob : 9934576931

SKY VIEW INTERNATIONAL SCHOOL
An English Medium co-educational School
Based on CBSE Curriculum
Hostel Facility for Boys & Girls
Preperation for Admission in Sainik School, Navodaya & Netarhat etc.
Titirchanch, Tilaiya Dam Road, Koderma
Mob # 7070493844



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पीड़ित परिवार से मिलने आवास पहुंचे बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो

**अपेम लाइव : बिरनी**



बिरनी थाना क्षेत्र के बैदापहरी गांव कि एक नाबालिक छात्रा के साथ एक विशेष समुदाय के दरिंदों ने गैंगरैप कर कुएं में डाल कर मार दिया।इस घटना का एक दोषी मोहम्मद कैफ फिल्हाल पुलिस के गिरफ्त में है और दो दोषी फरार चल रहा है। जिसकी सूचना पाकर बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो पीड़ित परिवार से मिलने उनके आवास पहुंचे और परिवार वालों से मिलकर ढाढस बंधवाया हर संभव मदद का भरोसा दिलाया, साथ ही इस दुःख की घड़ी में भारतीय जनता पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।वहीं पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने इस घटना पर कहा, बचे दोषी प्रशासन जल्द से जल्द गिरफ्तार करें अन्यथा भारतीय जनता पार्टी आंदोलन पर बाध्य होगा। जहां एक और मासूम की हुई बलात्कार का शिकार वीभत्स व नृशंस घटना ऐसी घटनाओं से प्रदेश और बगोदर विधानसभा हो रहा निरंतर शर्मसार करती है।बलात्कार की घटनाएं व चोरी डकैती की आत्महत्याएं प्रदेश और बगोदर विधानसभा भर में जारी है हमारे राज्य के मुखिया और बगोदर वर्तमान विधायक घटनाएं में चुपी साधे हुए है। इस दुःख की घडी में जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन, सांसद प्रतिनिधि जिला प्रशासन देंवनाथ राणा, जिला सांसद प्रतिनिधि जिला परिषद नारयण पांडेय,बिरनी मंडल अध्यक्ष राजदेव साव भरकट्टा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार बर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद कुशवाहा सांसद प्रतिनिधि मनोज चन्द्रवंशी, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह, मुखिया सत्येंद्र राउत, मीडिया प्रभारी रंजीत राय, भाजपा नेता राजू सिंह,आजाद तुरी,ग्राम पंचायत मनकडीहा मुखिया प्रतिनिधि बाबूलाल महतो ,मांझी तुरी , रामु यादव,पंचायत समिति प्रति. निधि,राजू मंडल , विशेश्वर साव ,संतोष सिंह,रवि सिंह,मुन्ना सिंह ,विक्रम सिंह कपिलदेव सिंह,जितेंद्र सिंह ,सदानंद सिंह ,पंकज सिंह ,दीनदयाल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## प्रतिबंधित पशु ले जा रहे टेम्पू को ग्रामीणों ने रोका

### पुलिस ने किया जांच हिदायत कर छोड़ा

**अपेम लाइव : बिरनी**



बरनी प्रखण्ड क्षेत्र के बरहमसिया–कोवाड मुख्य मार्ग पर अरवाटांड़ गांव के पास यात्री टेम्पू में एक गाय को क्रूरता से बांधकर ले जाया जा रहा था । जिसकी गाड़ी संख्या री 11 0617 है । स्थानीय लोगों ने टेम्पू का पर्दा बन्द देख शक के आधार पर रोका । पूछताछ पर करने पर टेम्पू चालक गाय को बीच सड़क पर उतारकर भागने का प्रयास करने लगा तभी ग्रामीणों ने टेम्पू समेत चालक को पकड़ लिया और पूछताछ करने लगे तथा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को इसकी सूचना दिया । सूचना पाकर दर्जनों कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुँचे और बिरनी पुलिस को जानकारी दिया । पुलिस टेम्पू चालक से पूछताछ की जिसकी पहचान भलुआ निवासी बसन्त गुप्ता के रूप में हुई है । कड़ी चेतावनी देते हुए छोड़ दिया । बता दें कि गाय को यात्री टेम्पू में क्रूरता से बांधकर ले जाया जा रहा था जिससे गाय के शरीर में कई जख्म के निशान थे । लकरगडहा निवासी अफजल अंसारी ने बताया कि मैं अपने जीजा शाखाबारा निवासी कमरुद्दीन अंसारी को गाय दिया था । इस अवसर पर विहिप जिला मंत्री निरंजन वर्मा,प्रखण्ड उपाध्यक्ष अशोक वर्मा,गौ रक्षा प्रमुख रोहित बजरंगी,बालोपासना प्रमुख मंगेतर राउत,संस्कार प्रमुख मनु कुमार,आज़ाद तुरी,सुखदेव दास आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

## दी आर्याभट्ट इंस्टीट्यूट के आट्र्स के विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से पास कर +2 विद्यालय एवं बरही अनुमंडल के टॉप 10 में बनाया अपना स्थान

### सभी विद्यार्थियों का प्रथम श्रेणी से पास करना संस्थान के लिए गौरव का क्षण : अरुण शर्मा

**अपेम लाइव : बरही**



हज़ारीबाग रोड स्थित दी आर्या भट्ट इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों ने 12वी जैक बोर्ड परीक्षा में विद्यालय एवं अनुमण्डल टॉप 10 में अपना स्थान बनाते हुए संस्थान को गौरवान्वित किया। लक्ष्मी कुमारी 412, सोनम कुमारी 402, गायत्री कुमारी 394, पूजा कुमारी 394, शबाना आजमीन 376, कुसुम सहानी 372, लक्ष्मी कुमारी 368, प्रिया कुमारी 363, स्वेता कुमारी 361, सुमिता कुमारी 359, रीमा कुमारी 353, रौशनी कुमारी 350, रुक्सार परवीन 344, विद्या कुमारी 344, स्वीटी कुमारी 329, शिवरानी कुमारी 318, श्याम कुमार 326, विशाल कुमार 323, गणेश कुमार 333, सचिन कुमार यादव 316, प्रीति कुमारी 312, काजल कुमारी 320, आशिया परवीन 331, संतोषी कुमारी 333, खुसबू कुमारी 314, तन्नू कुमारी 324, काजल कुमारी 300, नीतू कुमारी 303, नीलम कुमारी 312, खुसबू कुमारी 302, सपना कुमारी 302, खुसबू कुमारी 314, दीपा कुमारी 321, सुष्मिता कुमारी 329, पूजा कुमारी 357 अंक लाकर सभी प्रथम श्रेणी से पास हुए। दी आर्य भट्ट संस्थान के शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ बच्चों के उज्जवल भविष्य का कामना किया।

## बिजली विभाग ने कैंप के माध्यम से वसूला लगभग चार लाख कर

**अपेम लाइव चंदवारा**



कोडरमा चंदवारा शिव मंदिर मंगरी हाट मै झारखंड बिजली वितरण नगर लिमिटेड विद्युत आपूर्ति कोडरमा प्रमंडल के दिशा निर्देश पर कैंप लगाकर बिजली कर वसूली किया गया जिसमें लगभग 45 कंज्यूमर ने चार लाख से अधिक अपना अपना बिल संग्रह किया इस बीच वसूली कर्मी ऊर्जा मित्र के साहिल ने बताया कि यदि कंजूमर अपने कुल बकाया राशि जमा करता है तो ब्याज में छूट दिया जा रहा है वैसे 1.5 व्याज के दर से लेट फाइन वसूली किया जाता है तथा विभाग के द्वारा आए कर्मियों ने बताया कि वैसे कंजूमर जिनका बकाया पांच हजार से अधिक है वह सा समय अपना भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा कनेक्शन काटकर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा इस बीच चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा बिजली कर्मी नीरज यादव कुल्लू धनोखी, यूनुस आलम, तेजेंदर दास, व अन्य कर्मी इस कैंप में उपस्थित रहे।

## बड़कागांव रोड एंजेल हाई स्कूल के समीप यूएसए सेल्स का उद्घाटन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव : हजारीबाग बड़कागांव रोड स्थित एंजेल स्कूल के समीप यूएसए सेल्फ दुकान का उद्घाटन बड़कागांव पूर्व विधायक लोकनाथ महतो , मुकुटधारी महतो ,खेमन्वती देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । इस अवसर पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि इस तरह की दुकान खुलने से ग्राहकों को अधिक सुविधा मिलेगी। प्रोपराइटर सचिन सक्सेना ने कहा कि हमारे दुकान में आकर्षक डिजाइनो ब्रांडेड टाइल्स ग्रेनाइट पत्थर मार्बल व सेनेटरी के समान उचित मूल्य में उपलब्ध है। ग्राहकों की संतुष्टि हमारी पहली प्राथमिकता होगी। उद्घाटन समारोह में मुकुट धारी महतो, डॉक्टर बालेश्वर महतो, बड़कागांव भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, प्राचार्य रामसेवक, चमन महतो , इनु महतो, पत्रकार उग्रसेन गिरी, शिव शंकर कुमार, उमेश कुमार दांगी, सदानंद शर्मा, नरेश कुमार , अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, संजय कुमार, अरुण कुमार, सुखदेव महतो ,प्रदीप कुमार आदि कई प्रबुद्ध बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

## नेशनल कॉलेज इंटरमीडिएट के सभी परीक्षार्थी सफल पवन टॉपर रहा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



2016 में स्थापित मुख्य चौक बड़कागांव स्थित नेशनल कॉलेज बड़कागांव इंटरमीडिएट आट्र्स का रिजल्ट 2018 से लेकर 2023 तक शानदार प्रदर्शन करते आ रहा है । इस वर्ष 100: रिजल्ट देकर नेशनल कॉलेज बड़कागांव प्रखंड में एक अलग पहचान बनाई है। नेशनल कॉलेज के कुल 92 विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल हुए थे इनमें से 57 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए तथा बाकी 35 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए । प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण टॉप टेन विद्यार्थियों का सूची इस प्रकार से है। प्रथम स्थान पवन कुमार मौर्य 424 अंक ला कर कॉलेज टॉपर बने , द्वितीय स्थान अंजली कुमारी तथा रानी कुमारी 390 अंक, तृतीय स्थान योगेंद्र कुमार 381 अंक , संगीता कुमारी 377 अंक , नीलू कुमारी 376 अंक , सुमित कुमार 367 अंक, निशा भारती 366 अंक , बैजनाथ कुमार 365 अंक , दशरथ कुमार 361 अंक , सुमन कुमारी 360 अंक. महाविद्यालय प्राचार्य प्रकाश कुमार साहू ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर सम्पन्न






**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों का सात दिवसीय शिविर में छः दिनों के प्रशिक्षण का प्रतिवेदन पढ़ा गया जिसमे योग, साफ–सफाई, संगीत ,लक्ष्य गीत, दहेज प्रथा नाटक प्रस्तुत किया गया। सभी स्वयं सेवकों ने शपथ लिया कि इस सात दिवसीय प्रशिक्षण को अपने जीवन में उतारने का पूर्ण प्रयास करेंगे तथा सभी स्वयंसेवकों ने कैंडल जलाकर गाया दृ 'हम होंगे कामयाब एक दिन' संगीत के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर संपन्न हुआ । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो आयोजक थे, मौके पर प्रो ललिता कुमारी एवं स्वयंसेवक एवं स्वयंसेवक संदीप कुमार, सचिन कुमार, दिलचंद कुमार, ब्रजेश कुमार, राहुल कुमार, सुनीता कुमारी, बबीता, विद्या, शिवम कुमार , तिलेश्वर कुमार , मधु कुमारी , लक्ष्मी आदि उपस्थित थे।